# University in News on 27 September 2020

University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष

100 Years 1920-2020

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

# बीए ऑनर्स में 90 प्रतिशत से कम वालों का दाखिला मुश्किल

### लखनऊ विश्वविद्यालय : छात्रों को दी जा रही अधिक से अधिक विकल्प भरने की सलाह

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में रिकॉर्डतोड़ आवेदन के बाद इस साल दाखिले को लेकर कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। बीए ऑनर्स में 90 फीसदी से कम पर दाखिला पाना भी मुश्किल दिख रहा है। इसको देखते हुए लविवि प्रशासन ने अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे ज्यादा से ज्यादा विकल्प भरें। बीए आनर्स के साथ ही बीए का विकल्प देने को भी कहा है।



कोरोना संक्रमण की वजह से अभिभावक अपने बच्चों को शहर से बाहर नहीं भेजना चाहते हैं। लविवि के आवेदन फॉर्म ने बीते साल के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। स्नातक स्तर पर इस साल बीते साल से करीब 40 फीसदी ज्यादा आवेदन फॉर्म आए हैं। विवि ने इस साल से कॉलेजों से काउंसिलिंग फीस लेकर उन्हें भी अपनी प्रक्रिया में शामिल करने का मौका दिया है। आवेदन फॉर्म बढ़ने की यह भी एक वजह है। लविवि में इस बार स्नातक पाठ्यक्रमों में कुल 38 हजार 878 आवेदन आए हैं। बीए-बीए ऑनर्स, बीकॉम और बीएससी की बात करें तो इनमें 700 से ज्यादा अभ्यर्थी 90 फीसदी से ज्यादा नंबर लाने वाले हैं। बीए और बीए ऑनर्स में भी यह संख्या तीन सौ से ज्यादा है। लविवि में बीए आनर्स की 380 सीटें हैं। सामान्य अभ्यथियों के लिए 50 प्रतिशत यानी 190 सीटें ही उपलब्ध होंगी।

#### ■ बीए ऑनर्स के साथ ही बीए और कॉलेजों के भी दें विकल्प

लविवि ने अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि दाखिले के लिए वे ज्यादा से ज्यादा विकल्प दें। बीकॉम और बीएससी में विषय के विकल्प कम हैं, इसलिए उसमें अभ्यर्थियों को समस्या कम रहेगी। वहीं बीए और बीए ऑनर्स के साथ ऐसी स्थिति नहीं है। विवि में छह विषयों में बीए ऑनर्स की पढ़ाई होती है। ऐसे में बीए ऑनर्स के दाखिले के लिए अभ्यर्थी को ज्यादा से ज्यादा विकल्प देने होंगे। साथ ही कॉलेजों के भी विकल्प दें।

#### ■ एलएलबी ऑनर्स में एक सीट पर 29 दावेदार

एलएलबी ऑनर्स में भी दाखिले के लिए कड़ी मशक्कत होगी। इसकी एक सीट पर औसतन 29 दावेदार हैं। लविवि ने इस साल एलएलबी ऑनर्स की सीटें 120 से बढ़ाकर 160 कर दी हैं। इससे थोड़ा कॉम्पिटीशन कम होगा। बीसीए की 60 सीटों पर प्रति सीट 27, बीकॉम की 870 सीटों पर प्रति सीट 13 दावेदार हैं।

### 37 फीसदी ने छोड़ी बीएलएड की प्रवेश परीक्षा

**लखनऊ।** लविवि की ओर से बीएलएड प्रवेश परीक्षा का आयोजन शनिवार को किया गया। प्रवेश परीक्षा में करीब 37 फीसदी परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। परीक्षा के माध्यम से विभिन्न कॉलेजों में दाखिले दिए जाएंगे। प्रवेश परीक्षा का आयोजन सुबह 11 बजे से 12.30 के बीच हुआ। परीक्षा के लिए कुल पांच सेंटर बनाए गए थे। इनमें से तीन सेंटर लविवि के ओल्ड कैम्पस मे एवं दो सेंटर नवीन परिसर में थे। परीक्षा मे 1350 परिक्षार्थी सम्मिलित हुए। जबकि पंजीकृत परीक्षार्थियों की संख्या 2159 थी।




## NBT PAGE 6

### 16 कॉलेजों में हुई बीएलएड प्रवेश परीक्षा

■ एनबीटी,लखनऊः एलयू से संबद्ध 16 डिग्री कॉलेजों में प्रवेश के लिए शनिवार को परीक्षा का आयोजन किया गया। बीएलएड परीक्षा शनिवार को 11 बजे से 12:30 के बीच करवाई गई। परीक्षा में पांच सेंटर बनाए गए थे। तीन सेंटर लखनऊ विश्वविद्यालय के ओल्ड कैम्पस में व दो सेंटर नवीन परिसर में थे। परीक्षा में कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थी। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि 2159 ने परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया था। 1350 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए थे। वहीं, 809 अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि कॉलेजों में करीब 725 सीट पर प्रवेश लिया जाना है।

### एलयू में पीएचडी के लिए साक्षात्कार आज से

लखनऊ विश्वविद्यालय में पीएचडी में प्रवेश के लिए साक्षात्कार रविवार से शुरू हो रहे हैं। रविवार को एलयू के अप्लाइड इकॉनमिक्स, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, कॉमर्स, इकॉनमिक्स, एजुकेशन, इंग्लिश, हिंदी, लॉ, लाइब्रेरी ऐंड इन्फॉर्मेशन साइंस समेत 21 विभागों में साक्षात्कार होंगे। वहीं, कम्प्यूटर साइंस समेत कई विभागों में रविवार को होने वाले साक्षात्कार को शनिवार देर शाम रद कर दिया गया है। पीएचडी साक्षात्करों से संबंधित विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर दी गई है।



## HINDUSTAN PAGE 8



लखनऊ विश्वविद्यालय में शनिवार को बीएलएड की परीक्षा देने जाते छात्र।

### 37 प्रतिशत ने छोड़ दी बीएलएड प्रवेश परीक्षा

**लखनऊ।** लविवि में राजधानी के करीब 16 कॉलेजों में प्रवेश के लिए शनिवार को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया। करीब 37 प्रतिशत अभ्यर्थी परीक्षा देने ही नहीं आए। यह परीक्षा शनिवार को 11 बजे से 12.30 के बीच कराई गई। परीक्षा मे 5 सेंटर बनाए गये थे । परीक्षा में कोविड 19 को ध्यान मे रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि 2159 ने परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया था। 1350 परिक्षार्थी सम्मिलित हुए थे। वहीं, 809 अनुपस्थित रहे।

## JAGRAN CITY PAGE III

### आज से लविवि में पीएचडी के लिए साक्षात्कार

लविवि में पीएचडी में प्रवेश के लिए रविवार से साक्षात्कार शुरू किया जा रहा है। विवि के अप्लाइड इकोनॉमिक्स, कॉमर्स, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, इंग्लिश, हिंदी, लॉ, इकोनॉमिक्स, एजुकेशन, लाइब्रेरी एंड इन्फॉर्मेशन साइंस समेत 21 विभागों में साक्षात्कार किया जाएगा।

## i-NEXT PAGE 5

# दस से अधिक कंपनियां देंगी एलयू स्टूडेंट्स को प्लेसमेंट

CONCEPT PIC



### लखनऊ यूनिवर्सिटी कराएगी मेगा प्लेसमेंट ड्राइव

**LUCKNOW(26 Sept inext):** एलयू स्टूडेंट्स को जॉब दिलाने के लिए अक्टूबर में प्लेसमेंट ड्राइव करेगा. इसमें करीब 10 से अधिक कंपनियां शामिल होंगी. यूनिवर्सिटी का दावा है की सभी कंपनियां राष्ट्रीय स्तर की हैं. साथी यूनिवर्सिटी अपने स्टूडेंट्स को जॉब दिलाने के लिए नौकरी डॉट कॉम से भी एमओयू साइन करेंगी.

#### जॉब दिलाने की कोशिश

यूनिवर्सिटी रिक्यूटमेंट सेल के प्रोफेसर संजय मेधावी ने बताया कि कोरोना की वजह से नौकरी पाना बड़ी समस्या है. लोगों की नौकरियां छूट रही हैं, वहीं यूनिवर्सिटी अपने स्टूडेंट्स को नौकरी दिलाने के लिए प्रयासरत है. कई महीने से कंपनियों से बात हो रही है. अब हमने अक्टूबर से लेकर मार्च माह तक प्लेसमेंट ड्राइव चलाने की योजना बनाई है. इसमें शामिल होने वाली 10 राष्ट्रीय कंपनियों में स्टूडेंट्स को नौकरी के अवसर मिलेंगे.

## VOICE OF LUCKNOW PAGE 3

# 63 फीसदी छात्रों ने दी प्रवेश परीक्षा

वरिष्ठ संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से बीईएलएड प्रवेश परीक्षा कोरोना के नियमों को ध्यान में रखते हुये शनिवार को आयोजित करायी गयी।

● बीएलएड की प्रवेश परीक्षा संपन्न

इस परीक्षा में 62.53 फीसदी छात्रों ने परीक्षा दी। यह परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर साढ़े बारह बजे तक आयोजित हुयी। इस परीक्षा के लिये पांच केंद्र बनाये गये थे। इसमें तीन केंद्र लखनऊ विश्वविद्यालय के पुराने परिसर और दो केंद्र द्वितीय परिसर में बनाया गया था। इस परीक्षा के लिये कुल 2159 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था। इसमें कुल 1350 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी और 809 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ी।

